परिपत्र संख्या-स0द0/25-क/मेंथा आयल/2021-22/कम्प्यूटर परि0सं0-2122020 /475/वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

(सचलदल अनुभाग)

लखनऊ :: दिनांक :: 24 अगस्त , 2021

समस्त

एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1/एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0),

ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्यपालक/वि0अनु0शा0),

असिस्टेन्ट कमिश्नर / वाणिज्य कर अधिकारी (सचलदल),

<u>वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।</u>

**<u>विषय:-मेंथा आयल एवं मेंथाल की परिवहन के दौरान विशेष जांच के सम्बन्ध में।</u>**

प्रदेश में कार्यरत सचलदल इकाइयों द्वारा वर्ष 2018-19 से माह जुलाई, 2021 तक वर्षवार मेंथा आयल के अनियमित परिवहन के दौरान पकड़े गए मामलों का विवरण वैट MIS पर निम्नवत उपलब्ध है-

(धन.रु.लाख में)

| वर्ष | दोषी मामलों की संख्या | अभिग्रहीत माल का मूल्य | जमा कर एवं अर्थदण्ड |
|---|---|---|---|
| 2018-19 | 14 | 144.23 | 62.14 |
| 2019-20 | 35 | 520.49 | 139.22 |
| 2020-21 | 35 | 464.21 | 132.49 |
| 2021-22 (दिनांक 19-08-2021 तक) | 07 | 6.91 | 9.99 |

उपर्युक्त से स्पष्ट है कि मेंथा आयल के व्यापार में प्रचलित करापवंचन पर प्रवर्तन इकाइयों द्वारा संगत वित्तीय वर्ष में प्रभावी कार्यवाही नहीं की जा रही है।

**2.** मेंथा आयल एक कृषि उपज है जिसकी पैदावार मुख्यत: उत्तर प्रदेश में होती है। प्रदेश के कृषकों द्वारा बिक्री के पश्चात व्यापारियों द्वारा इसका भण्डारण बाराबंकी तथा चंदौसी में किया जाता है। मेंथा आयल से मेंथाल का निर्माण किया जाता है जो मुख्यत: चंदौसी एवं बरेली में होता है।

**3.** बाराबंकी एवं चंदौसी में भण्डारित मेंथा आयल के परिवहन का मुख्य रूट बाराबंकी से सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, बदायूं, चंदौसी, बहजोई, बबराला, नरौरा, बुलंदशहर, नोएडा से होते हुए दिल्ली है। मेंथाल के परिवहन का मुख्य रूट बहजोई, बबराला, नरौरा, बुलंदशहर, नोएडा अथवा सम्भल, हसनपुर, गजरौला, गढमुक्तेश्वर, गाजियाबाद से होते हुए दिल्ली है। इन मुख्य मार्गों के अलावा सम्बन्धित जोन द्वारा वैकल्पिक मार्गों को भी चिन्हित किया जाय।

**4.** मेंथा आयल एक सीजनल कृषि उपज है जिसकी परिवहन के दौरान विशेष जांच किए जाने हेतु यह उपयुक्त समय है। परिपत्र दिनांक 17-08-2021 से पान-मसाला एवं तम्बाकू तथा इसके निर्माण में प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल एवं पैकिंग मैटेरियल के परिवहन के दौरान जांच हेतु विशेष अभियान दिनांक 20-08-2021 से दिनांक 19-09-2021 तक चलाया जा रहा है। इस विशेष जांच अभियान के दौरान पान-मसाला एवं तम्बाकू के साथ-साथ मेंथा आयल एवं मेंथाल के सम्बन्ध में वैट एम.आई.एस. के साथ-साथ ई-वेबिल पोर्टल एवं जी0एस0टी0 पोर्टल पर उपलब्ध सूचनाओं का विशिष्ट रूप से अयोध्या, लखनऊ, बरेली,

मुरादाबाद, गाजियाबाद एवं नोएडा जोन की प्रवर्तन इकाइयों द्वारा सम्यक विश्लेषण करते हुए मुख्य एवं वैकल्पिक मार्गों पर सचलदल इकाइयों का परिनियोजन करते हुए प्रभावी प्रवर्तन कार्य किया जाएगा।

**5.** विशेष जांच अभियान की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करते समय प्रस्तर-4 में अंकित जोन द्वारा मेंथा आयल एवं मेंथाल के सम्बन्ध में कृत प्रवर्तन कार्यवाही की रिपोर्ट सम्मिलित करते हुए प्रेषित की जाएगी।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

24/8/2021

(मिनिस्ती एस.)
कमिश्नर,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

पृ0 प0 सं0 दिनॉक उक्त ।

प्रतिलिपि- ज्वाइण्ट कमिश्नर(आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ को विभागीय वेब साइट के सुसंगत मेन्यू में अपलोड कराने हेतु।

(सुधा वर्मा )
एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश।